कार्यालय महानिदेशक पुलिस, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः— प.11(01)प्रशि/पॉलिसी/2021/ 9991 दिनांकः— 17/08/2021

स्थाई आदेश संख्या—28 /2021

स्थाई आदेश संख्या 10/92 के अतिक्रमण में विभिन्न पदोन्नति संवर्ग पाठ्यक्रमों में सम्मिलित होने वाले पुलिस कर्मी जो शारीरिक बीमारी के कारण या कुछ अन्य अक्षमताओं के कारण इण्डोर या आउटडोर परीक्षा देने में असमर्थ होते हैं, या जिनकी सेवानिवृत्ति नजदीक होने के कारण पी.सी.सी. पूर्ण होना संभव नहीं है, ऐसे पुलिसकर्मियों को आंशिक या पूर्ण रूप से पदोन्नति संवर्ग पाठ्यक्रमों से पूर्ण रूप से छूट दिये जाने का निम्नानुसार प्रावधान किया जाता हैः—

1. पदोन्नति हेतु आयोजित होने वाली योग्यात्मक परीक्षा द्वारा चयनित होने वाले या राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा नियम 1989 के नियम 28 (ए) एवं (बी) के तहत पदोन्नति हेतु चयनित ऐसे पुलिस कर्मी जो किसी शारीरिक बीमारी के कारण या कुछ अन्य अक्षमताओं के कारण पी.सी.सी. के दौरान आउटडोर/इण्डोर परीक्षा देने में असमर्थ होते हैं, ऐसे पी.सी.सी. प्रशिक्षणार्थियों को अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, प्रशिक्षण, राजस्थान, जयपुर द्वारा महानिदेशक पुलिस, राजस्थान से अग्रिम अनुमोदन प्राप्त करने के उपरान्त आंशिक या पूर्ण छूट प्रदान की जायेगी।
2. जिला/यूनिटों में पदोन्नति हेतु योग्यात्मक परीक्षा द्वारा या राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा नियम 1989 के नियम 28 (ए) एवं (बी) के तहत पदोन्नति हेतु चयनित होने वाले ऐसे पुलिस कर्मी जिनकी सेवानिवृत्ति पी.सी.सी. के शुरू होने की तिथि से छः माह के अन्दर होने वाली हो, उन्हें पी.सी.सी. से पूर्ण छूट प्रदान की जाकर पदोन्नति प्रदान की जावे तथा इसकी सूचना पुलिस मुख्यालय एवं प्रशिक्षण निदेशालय को दी जावे।

16/8

(एम. एल. लाठर)
महानिदेशक पुलिस,
राजस्थान, जयपुर।

प्रतिलिपिः— निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1. महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान, जयपुर।
2. महानिदेशक पुलिस, आसूचना/सिविल राईट्स, राजस्थान, जयपुर।
3. समस्त अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, राजस्थान, जयपुर।
4. निदेशक, राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर।
5. पुलिस आयुक्त, जयपुर/जोधपुर।
6. समस्त रेंज महानिरीक्षक पुलिस, राजस्थान।
7. उप महानिरीक्षक पुलिस, राजस्थान पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र, जोधपुर।
8. समस्त जिला पुलिस अधीक्षक, राजस्थान मय जीआरपी, अजमेर/जोधपुर।
9. समस्त पुलिस उपायुक्त, जयपुर/जोधपुर।
10. प्रधानाचार्य, राजस्थान पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र, किशनगढ।
11. समस्त कमाण्डेंट, आर्म्ड बटालियन्स।
12. कमाण्डेंट, पुलिस ट्रेनिंग स्कूल, जोधपुर/ खैरवाड़ा/ झालावाड़/ अलवर/ भरतपुर/ बीकानेर/ पीएमडीएस, बीकानेर/ पीसीटीएस, जोधपुर।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस,
प्रशिक्षण, राजस्थान, जयपुर।